## संपादकीय

# महाभियोग का फंदा

को गहरा झटका लगा है। उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैन्सी पलोसी द्वारा महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा के बाद डेमोक्रेट्स ने औपचारिक तौर पर इसकी तैयारी शुरू कर दी। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर दबाव बनाया कि वह उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडन और उनके बेटे के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच शुरू करें। पूर्व उप राष्ट्रपति जो बाइडन 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। ट्रंप ने इन आरोपों से साफ इनकार किया है, हालांकि इतना माना है कि अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के बारे में यूक्रेन के राष्ट्रपति से चर्चा उन्होंने की थी।

इससे पहले अमेरिका के इतिहास में केवल दो राष्ट्रपतियों एंड्रयू जॉनसन और बिल क्लिंटन के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई हो चुकी है पर इनकी कुर्सी नहीं गई। रिचर्ड निक्सन के खिलाफ भी महाभियोग की नौबत आई थी, लेकिन उसके पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि ट्रंप की सत्ता भी फिलहाल सुरक्षित रहेगी क्योंकि महाभियोग की प्रक्रिया निचले सदन में पूरी भी हो जाती है तो रिपब्लिकन बहुमत वाली सीनेट से उसका पास होना मुश्किल है। ट्रंप एक ही सूरत में हट सकते हैं, जब कम से कम 20 रिपब्लिकन सांसद उनके खिलाफ विद्रोह का झंडा उठा लें। फिलहाल इसकी गुंजाइश कम ही है। उलटे कहा यह जा रहा है कि महाभियोग का प्रस्ताव रिपब्लिकन्स को एकजुट कर देगा।

खुद ट्रंप ने भी कहा है कि यह फैसला उनके लिए सकारात्मक है। वैसे अमेरिका में उनकी लोकप्रियता में कमी आई है। कुछ ही दिनों पहले आए एक सर्वे में कहा गया है कि 52 फीसदी अमेरिकी वोटर्स उनके खिलाफ वोट कर सकते हैं। ऐसे में संभवत: ट्रंप को उम्मीद है कि उन्हें सियासी तौर पर घेरे जाने से उनके वे समर्थक भी वापस उनके पक्ष में आ सकते हैं जो उनसे असंतुष्ट चल रहे थे। जो भी हो, इस घटनाक्रम से एक राजनेता के रूप में ट्रंप की छवि को धक्का लगा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी साख और कमजोर हुई है। वे जब से आए हैं, तभी से उनका अपने देश में और बाहर विरोध होता रहा है। अपने बयानों और कई पहलकदमियों की वजह से वे लगातार विवाद में रहे हैं। वाशिंगटन पोस्ट द्वारा जारी फैक्ट चेकर नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप अपने कार्यकाल में दस हजार झूठ बोल चुके हैं। कई फैसले ट्रंप ने ऐसे किए जिन पर उनके मित्र देशों को भी एेतराज रहा है। जैसे ईरान से संधि तोड़ना और पेरिस जलवायु समझौते से पीछे हटना। चीन से ट्रेड वॉर को लेकर उनके कई प्रशासनिक सहयोगी ही उनसे असहमत रहे हैं। संभव है, सियासी गणित में ट्रंप बाजी मार ले जाएं लेकिन राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग आना अमेरिकी लोकतंत्र के लिए कोई शुभ संकेत नहीं है। यह दुनिया के सबसे शक्ति शाली लोकतंत्र के किसी अंदरूनी संकट की ओर इशारा कर रहा है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन को 6-1 से रौंदा

**» हरमनप्रीत ने ठोके 2 गोल**




**बेल्जियम।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से बेल्जियम के अपने दौरे के दूसरे मैच में विश्व में आठवें नंबर के स्पेन को 6-1 से करारी शिकस्त दी। विश्व में पांचवें नंबर की भारतीय टीम की तरफ से हरमनप्रीत ने 28वें और 32वें मिनट में गोल किये। उनके अलावा मनप्रीत सिंह (24 ), नीलकंठ शर्मा (39 ), मनदीप सिंह (56 ) और रूपिंदरपाल सिंह (59 ) ने एक एक गोल किया। भारत ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और लगातार हमले करके स्पेन को रक्षापंक्ति को व्यस्त रखा। इसके बावजूद भारतीय टीम पहले क्वार्टर में गोल करने या पेनल्टी कार्नर हासिल नहीं कर पायी। मैच का पहला पेनल्टी कार्नर पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में स्पेन को मिला था लेकिन गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने भारत पर आया खतरा टाल दिया था। भारत ने दूसरे क्वार्टर में अच्छे प्रयास किये लेकिन स्पेन के गोलकीपर क्विको कोर्टेस ने अच्छे बचाव किये। आखिर में 24वें मिनट में कप्तान मनप्रीत सिंह गोल करने में सफल रहे। चार मिनट बाद हरमनप्रीत ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर बढ़त दोगुनी कर दी। स्पेन ने हालांकि जवाबी हमला किया और मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर 2-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर के शुरू से ही भारतीय टीम आक्रामक हो गयी। भारत को तुरंत ही पेनल्टी कार्नर मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला। मिडफील्डर नीलकंठ शर्मा ने 39 मिनट में बेहतरीन गोल दागकर तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक स्कोर 4-1 कर दिया। भारत ने आखिरी क्वार्टर में भी मैच पर नियंत्रण रखा और स्पेन को कोई मौका नहीं दिया। पूरे खेल के दौरान भारत आक्रमण करता रहा। मनदीप ने 56वें मिनट में टीम की तरफ से पांचवां गोल किया जबकि रूपिंदरपाल सिंह ने आखिरी क्षणों में पेनल्टी कार्नर को गोल में तब्दील किया। बेल्जियम दौरे के तीसरे मैच में भारतीय टीम रविवार को फिर से स्पेन से भिड़ेगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार घटा, गोल्ड स्टॉक में भी गिरावट



**मुंबई।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की गयी और 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में यह 38.8 करोड़ डॉलर घटकर 428.57 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में यह 64.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 428.96 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 12.5 करोड़ डॉलर घटकर 396.67 अरब डॉलर रह गया। स्वर्ण भंडार 25.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 26.84 अरब डॉलर पर आ गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 60 लाख डॉलर घटकर 3.62 अरब डॉलर रह गयी जबकि विशेष आहरण अधिकार 30 लाख डॉलर की बढ़त में 1.44 अरब डॉलर पर पहुँच गया।

## रियाल ने एटलेटिको से गोलरहित ड्रॉ खेला



**मैड्रिड।** रियाल मैड्रिड ने ला लिगा फ_टबॉल टूर्नामेंट में एटलेटिको मैड्रिड से गोलरहित ड्रा खेला जिससे वह तालिका में फिर से शीर्ष पर पहुंच गया। इस ड्रा से रियाल मैड्रिड के 15 अंक हो गये और वह ग्रेनाडा पर मामूली बढ़त बनाये है जबकि चौथे स्थान पर काबिज बार्सिलोना से दो अंक आगे है। ग्रेनाडा ने लेगानेस पर 1-0 की जीत दर्ज की जिससे उसके 14 अंक हो गये और वह दूसरे स्थान पर पहुंच गया। एटलेटिको मैड्रिड के भी 14 अंक हैं लेकिन वह तीसरे नंबर पर है। बार्सिलोना ने लुई सुआरेज के 41वें मिनट और जूनियर फिर्पो के 49वें मिनट में किये गये गोल से गेटाफे सीएफको 2-0 से शिकस्त दी।

## सेंसेक्स की 6 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.26 लाख बढ़ा



**नई दिल्ली ।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1.26 लाख करोड़ रुपये का इजाफ हुआ। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक रहे। समाप्त सप्ताह में बढ़त दर्ज करने वाली चार अन्य कंपनियां हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक हैं। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फ ोसिस, एचडीएफसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसिस (टीसीएस) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट देखी गयी है। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक यानी 34,453.13 करोड़ रुपये बढ़कर 8,29,632.75करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके बाद एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 24,098.72 करोड़ रुपये बढ़कर 6,80,645.09 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 20,603.11 करोड़ रुपये बढ़कर 2,90,132.25 करोड़ रुपये, कोटक महिंद्रा बैंक का 20,213.04 करोड़ रुपये बढ़कर 3,14,037.87 करोड़ रुपये, आईटीसी का 18,158.46 करोड़ रुपये बढ़कर 3,10,725.34 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 8,659.25 करोड़ रुपये बढ़कर 4,35,062.28 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं दूसरी ओर एसबीआई की बाजार हैसियत में सबसे अधिक गिरावट आई। इसका बाजार पूंजीकरण 18,250.8 करोड़ रुपये घटकर 2,51,004.70करोड़ रुपये पर आ गया।

## आज का राशिफल

मेषः- आज उन्नतिदायक दिन है। अचानक कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा, शत्रु स्वतः- परास्त होंगे। दिन में शुभ समाचार आएगा।

वृषभः- बुद्धि-विवेक से सफलता आज आपके कदम चूमेगी, मनोरंजन कार्य में समय अधिक व्यतीत होगा, प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुनः- क्रोध पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है। वाद-विवाद में न पड़ें अन्यथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। शत्रु आज आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

कर्कः- आत्मविश्वास एवं पराक्रम में वृद्धि के कारण सफलता आपको अवश्य प्राप्त होगी। मेहनत के अनुपात में लाभ अवश्य प्राप्त होगा। सभी काम में सावधानी बरतें।

सिंहः- आज परिवार के सदस्यों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के विशेष योग हैं। कहीं से शुभ मदद मिलने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। क्रीड़ा व शैक्षिक क्षेत्रों में किसी सफल शख्सियत से प्रभावित होंगे।

कन्याः- आज धन का आवागमन लगा रहेगा, जहां आय होगी वहीं अपव्यय के भी योग बन रहे हैं। सोच-समझकर ही धन निवेश करें। पूंजी निवेश से पहले कंपनी की वैधता निजी स्तर पर जांच लें, अन्यथा हानि हो सकती है।

तुलाः- खर्च और कर्ज आज आपकी चिन्ता का कारण बन सकते हैं, इसलिए सोच-समझकर कार्य करें, अनावश्यक खर्च से बचें। आज आप परिवार में किसी अपने के कारण ही नुकसान की स्थिति का सामना कर सकते हैं।

वृश्चिकः- आज बेहद शुभ दिन है। आज आपके कार्य बनते चले जाएंगे। पुरानी समस्याओं का अंत होगा। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा।

धनुः- आज दिन भर कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान, यश में वृद्धि होगी, पूजा-पाठ से मन-प्रसन्न रहेगा। आज आपके लिए शुभ और सफलता का दिन है।

मकरः- आध्यात्मिक सुख एवं सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा, भाग्य आज आपका साथ देने के लिए है तत्पर, नए अवसर प्राप्त होंगे। वित्तीय मामलों में आपकी व्यस्तता बनी रहेगी।

कुंभः- आज दूर की यात्रा न करें, वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं, अजनबी लोगों पर भरोसा न करें वरना लेने के देने पड़ सकते हैं।

मीनः- जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा, शेयर में निवेश भी कर सकते हैं, लाभ होगा। खर्च सोचकर करें।

## 7,714 करोड़ रुपये का निवेश विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार में किया

**नई दिल्ली।** पिछले दो महीनों में लगातार बिकवाली करने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर भारतीय पूंजी बाजार में 7,714 करोड़ रुपये की शुद्ध निवेश किया है।सरकार के आर्थिक सुधारों और बजट में एफ्पीआई पर लगाए गए कर अधिभार को वापस लेने की घोषणा के बाद विदेशी निवेशकों का निवेश बढ़ा है। पिछले सप्ताह सरकार ने कॉरपोरेट कर की दर में लगभग 10 प्रतिशत की कटौती कर दी थी। साथ ही एफ्पीआई को किसी प्रतिभूति, डेरिवेटिव की बिक्री पर पूंजीगत लाभ पर बढ़े हुए कर अधिभार को भी खत्म कर दिया था।इसके अलावा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने भी एफ पीआई के लिए अपने अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) नियम सरल बना दिए हैं और उन्हें प्रतिभूति बाजार में लेनदेन की भी अनुमति दे दी है। डिपॉजिटरी के ताजा आंकड़ों के अनुसार एफ्पीआई ने तीन से 27 सितंबर के बीच शेयर बाजार में 7,849.89 करोड़ रुपये का निवेश किया जबकि बांड बाजार से 135.59 करोड़ रुपये की निकासी।

## पीएमआई आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल



**नई दिल्ली ।** रिजर्व बैंक का नीतिगत दरों पर निर्णय, विनिर्माण व सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े तथा वैश्विक संकेतक इस सप्ताह बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। अगले सप्ताह बुधवार को गांधी जयंती के मौके पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि धारणा सकारात्मक रहने के कारण बाजार के आगे मजबूत होने का अनुमान है। हमें लगता है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति से आगे की दिशा तय होगी। इसके अलावा विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई के आंकड़े भी बाजार की धारणा तय करेंगे। आगामी सप्ताह वाहनों की बिक्री के मासिक आंकड़े भी आने वाले हैं। निवेशकों की नजरें इन आंकड़ों पर भी रहेगी। अगले सप्ताह शुक्रवार को रिजर्व बैंक नीतिगत दरों पर निर्णय लेगा। यही अगले सप्ताह का सबसे बड़ा कारक होगा। कोटक सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (पीसीजी शोध) संजीव जरवाडे ने कहा कि आने वाले समय में निवेशकों का ध्यान अमेरिका और चीन की व्यापार वार्ता तथा कंपनियों के तिमाही परिणाम पर जाएगा।''वैश्विक मोर्चे पर निवेशकों की निगाह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियाग चलाये जाने के संबंध में शुरू हुई जांच पर भी रहेगी। बीते सप्ताह बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 807.95 अंक यानी 2.12 प्रतिशत लाभ में रहा।

# नेपाल क्रिकेट टीम के कप्तान ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** नेपाल क्रिकेट टीम काफी कम वक्त में तेजी से उभर रही है। आईपीएल में संदीप लामिछाने के धमाल मचाने के बाद अब नेपाल क्रिकेट टीम के कप्तान पारस खड़का का नाम सुर्खियों में बना हुआ है। शनिवार (28 सितंबर) को खड़का ने एक शानदार रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए विराट कोहली और स्टीव स्मिथ जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया। खड़का ना केवल टी-20 क्रिकेट में शतक लगाने वाले नेपाल के पहले बल्लेबाज बन गए। बल्कि वह टी-20 क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए शतक जड़ने वाले पहले कप्तान भी बन गए हैं। पारस खड़का ने महज 49 गेंदों में अपना यह शतक पूरा किया। यह एशियन कप्तान द्वारा चौथा सबसे तेज शतक है। उन्होंने 52 गेंदों में नाबाद 106 रन बनाए। नेपाल ने 152 रनों का लक्ष्य 9 विकेट और 4 ओवर शेष रहते पूरा कर लिया। पारस ने अपनी पारी में 9 छक्के और 4 चौके लगाए। इससे पहले नीदरलैंड के कप्तान पीटर सीलर ने स्कॉटलैंड के खिलाफ नाबाद 96 रन 12 दिन पहले बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ इस लिस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 90 रन बनाकर चौथे नंबर पर हैं। इसके बाद वेस्टइंडीज के क्रिस गेल का नंबर आता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ88 रन की पारी खेली थी। पारस वनडे में शतक बनाने वाले भी नेपाल के पहले क्रिकेटर हैं। वह दूसरी बार टॉप 10 में शामिल हुए हैं।

पिछले महीने उन्होंने मलेशिया के खिलाफ 86 रन बनाए थे। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली इस लिस्ट में 8वें नंबर पर हैं। 2017 में उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 82 रन बनाए थे। पारस खड़का का शतक ही रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि टी-20 में सबसे कम रनों का पीछा करते हुए किसी बल्लेबाज ने शतक जड़ा है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2018 में 161 रनों का पीछा करते हुए ग्लैन मैक्सवेल ने नाबाद 103 रन बनाए थे।

पारस खड़का ने आरिफ शेख के साथ पांचवें विकेट के लिए 145 रनों की भागीदारी की।

## सूजी के कटलेट बनाने की विधि...



**आवश्यक सामग्री :**

2 कप आलू उबालकर मैश किया हुए, 1/3 कप मटर उबले हुए, 1/3 कप पत्तागोभी बारीक़ काटा हुआ, 1/3 कप शिमला मिर्च बारीक़ काटी हुई, 1/3 कप गाजर बारीक़ काटा हुआ, 1/3 कप धनिया बारीक़ काटी हुई, 1/3 कप बारीक़ सूजी, 3 टेबलस्पून कॉर्न फ्लोर, 2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 2 टीस्पून अदरक पेस्ट, 2 टीस्पून हरी मिर्च पेस्ट, 2 टीस्पून आमचूर पाउडर, तेल आवश्यकनुसार, नमक स्वादानुसार

**बनाने की विधि :**

1 बाउल में आलू, मटर, पत्तागोभी, शिमला मिर्च, गाजर और धनिया मिक्स कर लीजिए (मटर को हलकासा मैश करके डालिए)। 2 अब कॉर्न फ्लोर, लाल मिर्च पाउडर, अदरक पेस्ट, हरी मिर्च पेस्ट, आमचूर पाउडर और स्वादानुसार नमक डालके मिक्स कर लीजिए। 3 मिश्रण मिक्स होने के बाद हाथ को थोड़ासा तेल लगा लीजिए और मिश्रण में से छोटे छोटे गोले लेकर कटलेट बना लीजिए। 4 कटलेट को सूजी में घोल कर लीजिए। 5 कढ़ाई में 2 टेबलस्पून तेल डालके कटलेट गोल्डन ब्राउन होने तक शैलो फ्राई कर लीजिए। 6 दोनों तरफ से गोल्डन ब्राउन होने के बाद गैस बंद कर दीजिए। 7 व्हेज कटलेट हरी चटनी या सॉस के साथ सर्व कीजिए। मध्यम गर्मी पर गहरे पैन में तेल गरम करें, एक बार जब तेल गरम हो जाता है तो रवा कटलेट धीरे-धीरे इसमें डालें, उन्हें ध्यान में रखना नहीं है कि उन्हें ओवरलैप न करें। इसे थोड़े थोड़े तलें , पैन को ज्यादा न डालें जब तक वे सुनहरे भूरे रंग के न हों, तब तक रवा कटलेट भूनें। इसमें लगभग 3-4 मिनट लगेंगे। उन्हें एक कागज तौलिया या एक शोषक कागज पर ले जाएं ताकि अतिरिक्त तेल अवशोषित हो जाए। रवा कटलेट्स सेवा करने के लिए तैयार हैं। आप इसे हरी चटनी या टमाटर केचप के साथ परोस सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 01

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 100 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| बा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| इ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू- 02

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.100का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |